आइआइएम रांची में 120 छात्रों के साथ शुरू हुआ इंटीग्रेटेड प्रोग्राम ऑफ मैनेजमेंट

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में सोमवार को पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम ऑफ मैनेजमेंट (आइपीएम) कोर्स की शुरुआत हुई. कोर्स का पहला बैच 120 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ. उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने किया. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की शिक्षा विद्यार्थी को भविष्य के बिजनेस लीडर्स के रूप में तैयार करती है. विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता से नया बदलाव कर सकते हैं. नये इंटीग्रेटेड कोर्स में छात्राएं ज्यादा हैं. इससे यही साबित होता है कि छात्राएं भी अब बिजनेस मैनेजर व लीडर्स के रूप में अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं. यह बैच आइआइएम के लिए प्रेरणा बनेगा. डॉ सुभाष ने कोर्स में शामिल विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया. विशिष्ट अतिथि आइआइएम रांची के चेयरपर्सन

सह बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या, निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह थे. प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आइआइएम रांची की शुरुआत एक कोर्स व 44 विद्यार्थियों के साथ की गयी थी. 11 वर्षों में संस्थान के सात कोर्स में एक हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हैं. विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बदौलत संस्थान लगातार एनआइआरएफ स्कोर और रैंकिंग में बेहतर स्थान हासिल कर रहा है. कार्यक्रम का आयोजन हाइब्रिड मोड पर ऑनलाइन व ऑफलाइन हुआ.

Prabhat Khabar, 19.10.2021, Pg. 11